श्रावण मास, कृष्ण पक्ष 1 वर्ष, अंक 9, पृष्ठ 4, मूल्य 1.00

# अखण्ड भारत सन्देश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज शुक्रवार 14 अगस्त, 2020

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान की एक अनुपम भेंट

# स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर यूपी में हाई अलर्ट, बॉर्डर सील

**लखनऊ।** स्वतंत्रता दिवस के मौके पर राष्ट्रविरोधी तत्वों द्वारा गड़बड़ी फैलाए जाने की आशंका के मद्देनजर उत्तर प्रदेश में सुरक्षा बल और गुप्तचर एजेंसियां हाई अलर्ट पर हैं। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजी) और महानिरीक्षक (आईजी) के ओहदे वाले वरिष्ठ पुलिस अधिकारी संवेदनशील जिलों में कैंप करेंगे। साथ ही सार्वजनिक स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। वहीं, भारत-नेपाल सीमा को सील कर दिया गया है और नेपाल की सीमा से लगे जिलों में सतर्कता बढ़ा दी गई है।

एडीजी (कानून और व्यवस्था) प्रशांत कुमार ने कहा कि सभी जिला पुलिस प्रमुखों को अपने क्षेत्र में संवेदनशील क्षेत्रों में गश्त और चेकिंग बढ़ाने के लिए कहा गया है। उन्होंने आगे कहा कि सीमावर्ती दिल्ली और एनसीआर में गुरुवार से यातायात प्रतिबंध लागू किया जाएगा और यह 15 अगस्त की मध्य रात्री तक जारी रहेगा।

डीजीपी मुख्यालयों ने जिला पुलिस प्रमुखों को बसों, रेलवे स्टेशनों और जिला के सीमाओं पर सिक्योरिटी ड्रील और जांच करने का निर्देश दिए है। एडीजी ने आगे कहा कि सभी जिला पुलिस प्रमुखों और दोनों पुलिस आयुक्तों को विशेष रूप से बेंगलुरु की घटना के बाद सोशल नेटवर्किंग वेबसाइटों पर कड़ी निगरानी रखने का निर्देश दिया गया है।

इसके साथ-साथ वरिष्ठ अधिकारियों को अयोध्या के आसपास के जिलों में कैंपिंग जारी रखने के लिए निर्देशित किया गया है। एडीजी आशुतोष पांडेय अमेठी में कैंप करेंगे, एडीजी अशोक कुमार गोंडा में, बहराइच में एडीजी राम कुमार, बाराबंकी में आईजी विजय भूषण, सुल्तानपुर में आईजी विजय प्रकाश, बस्ती में



आईजी ए. के. राय, अंबेडकर नगर में आईजी पीयूष मोरदिया, महाराजगंज में डीआईजी चंद्र प्रकाश और डीआईजी आरके भारद्वाज सिद्धार्थनगर में कैंप करेंगे।

कोरोना के कारण पढ़ाई के नुकसान को देखते हुए 2021 की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा मार्च या अप्रैल में होगी। सचिव यूपी बोर्ड दिव्यकांत शुक्ल ने गुरुवार को 2020-21 सत्र के लिए एकेडमिक कैलेंडर जारी कर दिया जो बोर्ड की अधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है। कैलेंडर के अनुसार 10वीं-12वीं के छात्र-छात्राओं को फरवरी 2021 में प्रवेश पत्र उपलब्ध कराएंगे और कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए प्रशासन की ओर से जारी दिशा-निदेर्शों के अनुसार बोर्ड परीक्षा की तैयारी की जाएगी। सचिव दिव्यकांत शुक्ल ने बताया कि 2020-21 का संभावित एकेडमिक कैलेंडर है और आने वाले समय में कोरोना के कारण होने वाले प्रतिबंधों के मद्देनजर इसे लागू किया जाएगा। आवश्यकता पड़ने पर बदलाव भी संभावित हैं। विभिन्न कक्षाओं में ऑनलाइन शिक्षण 18 अगस्त से शुरू होगा। 10वीं-12वीं की प्रयोगात्मक परीक्षाएं फरवरी के पहले और दूसरे सप्ताह में प्रस्तावित हैं। 2020 के लिए प्रयोगात्मक परीक्षा 15 दिसंबर 2019 से 15 जनवरी 2020 के बीच दो चरणों में कराई गई थी। प्री बोर्ड परीक्षा का आयोजन फरवरी के तीसरे और चौथे सप्ताह में होगा। प्रत्येक माह के अंतिम सप्ताह में ऑनलाइन परीक्षा होगी और 31 जनवरी 2021 तक सभी कक्षाओं में ऑनलाइन या ऑफलाइन शिक्षण पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। कक्षा 9 व 11 की वार्षिक गृह परीक्षाएं फरवरी के तीसरे और चौथे सप्ताह में जबकि बोर्ड परीक्षा का आयोजन मार्च या अप्रैल में होगा। 2020 की बोर्ड परीक्षा 18 फरवरी से शुरू हुई थी। हाईस्कूल की परीक्षा 3 व इंटर की 6 मार्च को समाप्त हुई। लेकिन कोरोना के कारण 2021 की परीक्षा में एक या दो महीने की देरी हो सकती है।

# खंड शिक्षा अधिकारी भर्ती परीक्षा स्थगित करने को लेकर याचिका खारिज, नियत तिथि पर होगी परीक्षा

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने खंड शिक्षा अधिकारी भर्ती प्रारम्भिक परीक्षा स्थगित कराने की मांग में दाखिल जनहित याचिका खारिज कर दी है। कोर्ट ने कहा है कि परीक्षा के खिलाफ किसी प्रतियोगी छात्र को कोर्ट आना चाहिए। किसी प्रतियोगी छात्र को इस होने जा रही परीक्षा को टालने को लेकर फिलहाल कोई शिकायत नहीं है। याची संगठन को जनहित याचिका दाखिल कर परीक्षा आयोजित करने को चुनौती देने का कोई अधिकार नहीं है। कोर्ट ने परीक्षा को टालने को लेकर दाखिल याचिका पर हस्तक्षेप करने से इंकार कर दिया है। प्रतियोगी छात्र संघर्ष समिति और अन्य की जनहित याचिका की सुनवाई न्यायमूर्ति



शशिकान्त गुप्ता तथा न्यायमूर्ति वी के बिड़ला की खंडपीठ ने गुरूवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग से की। याचिका में कोविड-19 के चलते सोसल डिस्टेनिंसग का पालन न करने पर संक्रमण फैलने की आशंका से परीक्षा स्थगित करने की मांग की गयी थी। 16 अगस्त को प्रदेश के 22 जिलों में उ प्र लोक सेवा आयोग खंड शिक्षा अधिकारी भर्ती प्रारंभिक प्रतियोगी परीक्षा आयोजित करने जा रहा है। परीक्षा में 5 लाख 15 हजार अभ्यर्थियों के हिस्सा लेने की संभावना है। भारी संख्या में केन्द्र पर आने वाले प्रतियोगी छात्र छात्राओं मे संक्रमण का खतरा पैदा हो सकता है। याचिका में कहा गया था कि यूपी में कोरोना वायरस महामारी तेजी से बढ़ रहा है। केन्द्र सरकार की तरफ से दूरी बनाए रखने की गाइडलाइन जारी है। ऐसे में इस परीक्षा के आयोजन से प्रतियोगी छात्रों की भीड़ बढेगी जिससे कोरोना महामारी और अधिक बढ़ने की सम्भावना रहेगी। इस कारण इस परीक्षा को कुछ समय के लिए स्थगित करने की मांग की गयी थी। कोर्ट ने तकनीकी खामियों के चलते इस याचिका पर हस्तक्षेप करने से इंकार कर दिया।

## पांच प्राइवेट अस्पतालों को नोटिस, दो सील

**प्रयागराज।** कोविड महामारी में इंफेक्शन प्रीवेंशन प्रोटोकॉल के तहत निरीक्षण में लापरवाही मिलने पर शहर के पांच प्राइवेट अस्पतालों को नोटिस जारी किया गया है। इसी के साथ फूलपुर इलाके के दो प्राइवेट अस्पतालों को सील कर दिया गया है। सीएमओ डॉ. जीएस बाजपेई ने बताया कि निरीक्षण को निकली टीम ने दो चर्चित डॉक्टरों की क्नीनिक में लापरवाही पाई। वहां कोरोना महामारी में इंफेक्शन प्रीवेंशन प्रोटोकॉल का पालन नहीं हो रहा है। इसी तरह दो प्राइवेट अस्पताल एवं एक स्कैनिंग सेंटर में कोर्ट के निर्देश के अनुसार अनुपालन नहीं हो रहा था। इस पर टीम ने उक्त सभी लोगों को नोटिस जारी कर तीन दिनों के भीतर स्पष्टीकरण मांगा है। उन्हें कमियों को ठीक करने का भी प्रमाण देने के लिए कहा गया है। वहीं, फूलपुर इलाके के मुबारकपुर में दो प्राइवेट अस्पतालों में भी खामियां मिली हैं। दोनों अस्पतालों को सील कर दिया गया है।

# लाल किले पर तैनात होने वाले सुरक्षाकर्मियों की कोरोना जांच

**नई दिल्ली, जेएनएन।** स्वतंत्रता दिवस पर इस बार लालकिले पर आयोजित कार्यक्रम में पहले जैसी चहल-पहल नहीं होगी। कोरोना संक्रमण के कारण इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए सीमित संख्या में अतिथियों को आमंत्रित किया गया है। इस दौरान शारीरिक दूरी बनी रहे और वहां मौजूद कोई भी कोरोना से संक्रमित न हो, इसको लेकर पूरी एहतियात बरती जा रही है। इसके मद्देनजर कार्यक्रम प्रबंधन से जुड़े विभिन्न विभागों के कर्मियों की कोरोना जांच कराई गई। लाल किला की सुरक्षा से जुड़े करीब 350 सुरक्षाकर्मियों को पहले ही क्वारंटाइन कर दिया गया है।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक, 15 अगस्त को लाल किले पर विशिष्ट अतिथियों व गणमान्य लोगों में कोरोना



का संक्रमण न फैले, इसके लिए तमाम कवायद की जा रही है। इसके तहत ध्वजारोहण में शामिल होने वाले विभिन्न विभाग के कर्मियों के अलावा सुरक्षाकर्मियों की कोरोना जांच लाल किले के अंदर कराई गई है।

उन्होंने बताया कि कोरोना के कारण लाल किला के समारोह में शामिल होने वाले वीआइपी अतिथियों की लिस्ट में इस बार कटौती की गई है। मंच पर सिर्फ 125 विशिष्ट अतिथियों के बैठने की व्यवस्था की गई है। जिन 350 सुरक्षा कर्मियों को क्वारंटाइन में रखा गया है उनमें सिपाही से लेकर डीसीपी स्तर तक के अधिकारी शामिल हैं। सभी को पुलिस कॉलोनी में क्वारंटाइन किया गया है। हालांकि किसी में भी फिलहाल कोरोना के लक्षण नहीं पाए गए हैं।

पिछले साल तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाषण को देखने के लिए कम से कम 10,000 लोग समारोह में शामिल होते थे। पिछले दिनों एक बैठक में रक्षा मंत्रालय ने फैसला लिया था कि जनता के बजाय कोरोना के योद्धाओं को स्वतंत्रता दिवस समारोह में भाग लेने के लिए कहा जाए। बाद में गृह मंत्रालय को इस नई योजना को लागू करने के लिए तदनुसार काम करने के लिए कहा गया।

# बीएस-4 वाहन खरीदने वालों को बड़ी राहत सुप्रीम कोर्ट ने रजिस्ट्रेशन की अनुमति दी

**नई दिल्ली, आइएएनएस।** लॉकडाउन के कारण 31 मार्च की समय सीमा से पहले जो लोग अपनी गाड़ियों का रजिस्ट्रेशन नहीं करवा पाए थे उन्हें सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। अदालत ने 31 मार्च तक बिके बीएस-4 वाहनों के रजिस्ट्रेशन की अनुमति दे दी है। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने यह स्पष्ट कर दिया कि उन्हीं बीएस-4 वाहनों के पंजीकरण हो पाएगा जिनका ब्योरा सरकारी ई-वाहन पोर्टल पर उपलब्ध होगा। हालांकि, छूट दिल्ली-एनसीआर के लिए लागू नहीं होगी। जस्टिस अरुण मिश्रा की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि जो गाड़ियां ई-पोर्टल पर दर्ज हुई हैं या फिर जिनका अस्थायी रजिस्ट्रेशन हो चुका है, उनका रजिस्ट्रेशन अब कराया जा सकता है। हालांकि, दिल्ली-एनसीआर में इस दौरान बिकी गाड़ियों को अभी रजिस्ट्रेशन कराने की छूट नहीं दी गई है। अदालत ने कहा कि हम दिल्ली-एनसीआर में गाड़ियों के रजिस्ट्रेशन की इजाजत नहीं दे सकते हैं। शीर्ष अदालत ने उल्लेख किया कि कई ऐसी गाड़ियां हैं जिनका विस्तृत विवरण ई-पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन के लिए अपलोड नहीं किया गया है। 31 मार्च के बाद बिकने वाली गाड़ियों के रजिस्ट्रेशन पर रोक के बावजूद इन वाहनों की बिक्री की गई। सुप्रीम कोर्ट ने लॉकडाउन की अवधि के



दौरान विक्रेताओं द्वारा बेची गई गाड़ियों के रजिस्ट्रेशन की इजाजत देने से भी इन्कार कर दिया। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने बीएस-4 गाड़ियों के रजिस्ट्रेशन पर अगले आदेश तक रोक लगा दी थी। फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता केवी विश्वनाथन ने कहा कि हम अदालत जो भी कहेगी उसका अनुपालन करेंगे। लेकिन मैं आपसे किसी भी ऐसे विचार को खारिज करने का आग्रह करता हूं जिसमें कहा गया कि लॉकडाउन की अवधि का दुरुपयोग किया गया।

वहीं केंद्र की ओर से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने पीठ के समक्ष दलील दी कि 39,000 वाहनों का विवरण अपलोड नहीं किया गया है। इसके अलावा बाकी वाहनों की जानकारी विवरण ई-वाहन पोर्टल पर उपलब्ध है। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने ऐसे वाहनों के पंजीकरण की अनुमति नहीं दी जिन्हें ई-वाहन पर अपलोड नहीं किया गया है।

# असम में बाढ़ से 110 लोगों की मौत, 56 लाख लोग प्रभावित

**गुवाहाटी, एएनआइ।** असम में बाढ़ के कारण मरने वालों की संख्या बढ़कर 110 हो गई है जबकि 56 लाख से अधिक लोग अब तक इससे प्रभावित हो चुके हैं। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एसडीएमए) ने गुरुवार को जानकारी दी कि जहां 110 लोग अपनी जान गंवा चुके हैं, वहीं राज्य के 30 जिलों में कुल 56 लाख 89 हजार 584 लोग प्रभावित हुए हैं। असम में बाढ़ की स्थिति विभिन्न जिलों में प्राकृतिक आपदा के कारण मरने वालों की संख्या में बढ़ोतरी के साथ बिगड़ रही है।

एक आधिकारिक बुलेटिन के अनुसार, राज्य के अधिकांश हिस्सों में स्थिति सुधरी है, लेकिन धेमाजी, बक्सा और मोरीगांव जिले में कोई सुधार नहीं हुआ है। इन तीन में इस



समय बाढ़ से 14,205 लोग प्रभावित है और 7,009 हेक्टेयर फसल क्षेत्र भी प्रभावित हुआ है। धेमाजी में सबसे ज्यादा 12,908 लोग प्रभावित हुए हैं। इसके बाद बक्सा में 1,000 लोग और मोरीगांव में 297 लोग आपदा से प्रभावित हैं। मंगलवार तक तीनों जिलों में 13,800 लोग प्रभावित हुए थे।

एएसडीएमए के अनुसार कुल मिलाकर 81 गांव बाढ़ की चपेट में हैं और उनमें से ज्यादातर धेमाजी जिले में हैं। जोरहाट जिले के नेमाटीघाट पर ब्रह्मपुत्र नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है, जबकि जिया भराली सोनितपुर में एनटी रोड क्रॉसिंग पर लाल निशान से ऊपर बह रही है। बुलेटिन में कहा गया है कि बोंगाईगांव और बक्सा जिलों में तटबंध, सड़क, पुल, पुलिया और अन्य बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा है।

भारत के कई हिस्सों में भारी बारिश और बाढ़ से लोग बेहाल हैं। इसे देखते हुए संयुक्त राष्ट्र ने मानवीय मदद की पेशकश की है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने कहा कि मानसून के दौरान भारत में 770 से ज्यादा लोगों की जान जा चुकी है। अधिकारियों के मुताबिक, पांच लाख से अधिक लोगों को उनके घरों से निकालकर सुरक्षित स्थानों पर ले जाया गया है। इसे देखते हुए संयुक्त राष्ट्र सर्वाधिक प्रभावित समुदायों तक मानवीय सहायता पहुंचाने के लिए तैयार है।

# पूर्व सांसद माफिया अतीक समेत 23 लोगों के शस्त्र लाइसेंस निलम्बित

**प्रयागराज।** अपराधियों के खिलाफ योगी सरकार की जीरो टारलेंस नीति के तहत शासन के मंशानुसार जिला मजिस्ट्रेट ने गुरूवार को विभिन्न आपराधिक धाराओं में दर्ज मुकदमों के तहत पूर्व सांसद अतीक अहमद समेत कुल 23 लोगों के शस्त्र लाइसेंस को निलम्बित कर दिया। इसके साथ ही निरस्तीकरण के लिए नोटिस जारी किया है। जिला मजिस्ट्रेट भानु चन्द्र गोस्वामी ने विभिन्न धाराओं में दर्ज अपराधिक मुकदमों एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक की आख्या के आधार पर कुल 23 लोगो के शस्त्र लाइसेंस को निर्लंबित करते हुए शस्त्र निरस्तीकरण हेतु नोटिस जारी किया है। जिसके तहत गुजरात के अहमदा बाद जेल में बन्द पूर्व सांसद अतीक अहमद पुत्र स्व0 हाजी फिरोज के खिलाफ थाना धूमनगंज में मुकदमा दर्ज है। इनके साथ ही शादाब पुत्र इत्तेहार थाना-करेली, इसरार पुत्र अब्दुल सत्तार थाना-खुल्दाबाद, मुख्तार अहमद पुत्र अब्दुल सत्तार थाना-खुल्दाबाद, मो. ईसा पुत्र विशुम थाना-खुल्दाबाद, गिरिश दूबे पुत्र जगदीश दुबे थाना जार्जटाउन, नूर अख्तर पुत्र हाशिम थाना-करेली, मो. आजम पुत्र मो. असलम थाना-खुल्दाबाद, मो. इमरान पुत्र मो. जई थाना-खुल्दाबाद, मो. इदरिस उर्फ बब्लू पुत्र सुफी थाना-सिविल लाइंस, संजय प्रसाद मिश्र पुत्र दयाशंकर मिश्र थाना-कौंधियारा जो कि एसआरएन में गार्ड थे (11) के साथ-साथ 12 अन्य व्यक्तियों के शस्त्र लाइसेंसो को भी निलम्बित करते हुए शस्त्र निरस्तीकरण हेतु नोटिस जारी किया गया है।

# बढ़ रही हैं चीन की गुस्ताखियां, कूटनीतिक व सैन्य वार्ताओं से नहीं निकल रहा है कोई हल

**नई दिल्ली।** पूर्वी लद्दाख में चीनी फौज के दुस्साहसपूर्ण घुसपैठ किये हुए पूरे 101 दिन हो चुके हैं। एक तरफ सैन्य तनाव दूर करने के लिए भारत व चीन के बीच कूटनीतिक व सैन्य स्तर पर अभी तक हुई वार्ताओं का कोई नतीजा नहीं निकला है। दूसरी तरफ चीन की गुस्ताखियां बढ़ती जा रही हैं। चीन के नई दिल्ली में राजदूत सुन वीडोंग ने जहां विवाद को सुलझाने की जिम्मेदारी भारत पर डालने की बात कही है वहीं चीनी सरकार के मुखपत्र ग्लोबल टाइम्स ने कश्मीर मुद्दे पर भारत का पक्ष भी छापने से मना कर दिया है। चीन की मानसिकता का पता नई दिल्ली स्थित चीनी दूतावास की तरफ से बुधवार को प्रकाशित पत्रिका से चलता है। इसमें चीनी राजदूत सुन वीडोंग की तरफ से दो आलेख प्रकाशित हैं। शुरूआती आलेख में उन्होंने भारत व चीन के बीच मौजूदा तनाव को दूर करने और रिश्तों को फिर से पटरी पर लाने के लिए पांच सुझाव दिए हैं। इसमें पीएम नरेंद्र मोदी व राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच बनी सहमति के मुताबिक रिश्तों को आगे बढ़ाने, टकराव छोड़ कर सहयोग करने, आर्थिक प्रतिद्वंदिता नहीं करने बल्कि आर्थिक सहयोग स्थापित करने, एक दूसरे के अंदरुनी मामलों में हस्तक्षेप नहीं करने और द्विपक्षीय रिश्तों के



भविष्य के सकारात्मक पहलुओं को देखते हुए आगे बढ़ने की बात कही है।

जबकि एक दूसरे आलेख में उन्होंने मौजूदा सैन्य तनाव का ठीकरा पूरी तरह से भारत पर फोड़ा हैं और यहां तक कहा है कि, "अगर गौर से देखा जाए तो लद्दाख सेक्टर में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर शांति स्थापित करने की जिम्मेदारी चीन की नहीं है। भारतीय सेना ने एलएसी क्रास किया और चीनी नागरिकों पर हमला किया।" इसमें 6 जून को दोनो देशों के बीच कमांडर स्तर पर हुई बातचीत और उसके बाद 15 जून को दोनो सेनाओं के बीच हुई खूनी भिड़ंत का उल्लेख इस तरह से किया गया है जिसमें पूरा दोष भारतीय पक्ष पर दिया गया है। पत्रिका में लिखा गया है कि, 15 जून की शाम को भारतीय सेना ने अचानक ही चीनी सैनिकों पर हमला किया। जिसकी वजह से द्वंद हुआ और दोनो तरफ मौतें हुई। हालांकि अंत में यह भी कहा गया है कि एलएसी पर अब स्थिति सुधर रही है

उधर, बीजिंग स्थित भारतीय दूतावास ने गुरुवार एक विस्तृत विज्ञप्ति जारी कर चीनी सरकार की मानसिकता को सामने लाने का काम किया है। चीनी सरकार के मुख पत्र ग्लोबल टाइम्स ने 07 अगस्त को अपने अंक में बीजिंग में पाकिस्तान के राजदूत मोइन-उल-हक की तरफ से जम्मू व कश्मीर के हालात पर एक आलेख प्रकाशित किया है। इसमें जो आंकड़े दिए गए हैं वो भारत सरकार के मुताबिक पूरी तरह से तथ्यहीन व झूठ से भरे हुए हैं। भारतीय दूतावास की तरफ से कोशिश की गई थी कि ग्लोबल टाइम्स भारत का पक्ष भी प्रकाशित करे। लेकिन ग्लोबल टाइम्स ने इससे इनकार कर दिया। भारतीय दूतावास ने अपनी विज्ञप्ति में कहा है कि, पाकिस्तानी राजदूत ने जो कहा है वह सच्चाई को छिपा नहीं सकती है कि जम्मू व कश्मीर से धारा 370 हटाने के बाद राज्य में कितनी प्रगति हुई है। इस आलेख की बात छोड़ भी दें तो ग्लोबल टाईम्स रोजाना भारत-चीन सीमा विवाद पर कोई न कोई आलेख प्रकाशित कर रहा है जिसमें एक तरफ तो भारत पर सैन्य विवाद भड़काने का आरोप लगाया जाता है तो दूसरी तरफ चीन के साथ सहयोग के बड़े फायदे गिनाये जाते हैं।

# लालकिले पर तिरंगा लहराने का इस बार दिलचस्प रिकॉर्ड बनाएंगे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

**नई दिल्ली।** देश की लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था के प्रतीक लाल किले पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15 अगस्त 2020 को जब तिरंगा लहराएंगे तो राजनीतिक इतिहास का एक दिलचस्प रिकॉर्ड भी बनाएंगे। मोदी लगातार सातवीं बार तिरंगा लहराएंगे और इसी के साथ सबसे अधिक बार यह सौभाग्य हासिल करने वाले प्रधानमंत्रियों की सूची में वे चौथे नंबर पर पहुंच जाएंगे। लाल किले पर सबसे अधिक बार तिरंगा लहराने का रिकॉर्ड पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू के नाम है। इंदिरा गांधी इस उपलब्धि में दूसरे नंबर और मनमोहन सिंह तीसरे नंबर हैं।

आजादी के बाद से अब तक स्वतंत्रता दिवस के मौके पर तिरंगा लहराने वाले प्रधानमंत्रियों की दिलचस्प दास्तान में पीएम बने तमाम नेताओं को कम या अधिक यह सौभाग्य हासिल हुआ है, लेकिन चंद्रशेखर और गुलजारी लाल नंदा दो ऐसे प्रधानमंत्री भी हुए, जिन्हें लाल किले पर तिरंगा लहराने का मौका ही नहीं मिल पाया। नरेंद्र मोदी 15 अगस्त को जब सातवीं बार तिरंगा लहराएंगे तो वे अटल बिहारी वाजपेयी के प्रधानमंत्री के रुप में छह बार लाल किले पर तिरंगा फहराने के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ देंगे।

पंडित नेहरू ने 17 बार लगातार लाल किले पर तिरंगा लहराया



मई 2014 में सत्ता संभालने वाले मोदी जब 2024 में अपना दूसरा कार्यकाल पूरा करने तक 10 बार लाल किले पर तिरंगा लहराने का सौभाग्य हासिल कर मनमोहन सिंह के साथ संयुक्त रूप से तीसरे नंबर पर आ जाएंगे। 15 अगस्त 1947 को लालकिले पर तिरंगा लहराते हुए भारत की आजादी का जयघोष करने वाले पंडित नेहरू ने 17 बार लगातार लाल किले पर तिरंगा लहराया। पंडित नेहरू के निधन के बाद गुलजारी लाल नंदा केवल 14 दिन प्रधानमंत्री रहे और उनके सामने ऐसा मौका आया ही नहीं।

असमय निधन के कारण लाल बहादुर शास्त्री को जून 1964 से जुलाई 1966 के बीच लालकिले पर तिरंगा लहराने का दो बार ही अवसर मिल पाया। शास्त्री के निधन के बाद गुलजारी लाल नंदा को प्रधानमंत्री के तौर पर 15 दिनों का दोबारा मौका मिला, लेकिन तिरंगा लहराने का सौभाग्य उनसे रूठा ही रहा।

देश की पहली महिला प्रधानमंत्री बनीं इंदिरा गांधी ने जनवरी 1966 से मार्च 1977 तक लगातार 11 बार लालकिले पर तिरंगा लहराया। आपातकाल के बाद हुए चुनाव में सत्ता से बाहर हुईं इंदिरा गांधी राजनीतिक वापसी करते हुए जनवरी 1980 में फिर से प्रधानमंत्री बनीं और 31 अक्टूबर 1984 को अपनी हत्या तक देश की शीर्ष कार्यपालिका के पद पर रहीं। इस दौरान इंदिरा गांधी ने पांच बार तिरंगा लहराया और अपने पिता पंडित नेहरू के बाद लालकिले पर दूसरे सबसे अधिक 16 बार तिरंगा लहराया। राजीव गांधी को भी 1984 से 1989 के बीच बतौर प्रधानमंत्री पांच बार लाल किले पर तिरंगा लहराने का सौभाग्य मिला।

लालकिले पर तिरंगा लहराने के इस रोचक इतिहास में नया मोड़ आया दिसंबर 1989 में आया जब विश्वनाथ प्रताप सिंह दूसरी गैर कांग्रेसी सरकार के प्रधानमंत्री बने। लेकिन नवंबर 1990 में उनकी सरकार का पतन हो गया और केवल एक बार ही वे लालकिले पर तिरंगा लहरा सके। कांग्रेस के समर्थन से प्रधानमंत्री बने चंद्रशेखर जून 1991 तक सात महीने पद पर रहे मगर तिरंगा लहराने के सौभाग्य से वे दूर रह गए। जून 1991 से मई 1996 तक प्रधानमंत्री रहे नरसिंह राव ने पांच बार लालकिले पर तिरंगा लहराया। राजीव गांधी और राव इस सूची में संयुक्त रूप से छठे नंबर पर हैं। 1996 के चुनाव के बाद अटल बिहारी वाजपेयी 13 दिन के लिए पीएम जरूर बने पर तिरंगा लहराने का मौका पहली बार मार्च 1998 में हुए चुनाव के बाद बनी 13 महीने की सरकार के दौरान मिला। इसके बाद 1999 के चुनाव में भी उनकी वापसी हुई। इस तरह मार्च 1998 से मई 2004 के बीच वाजपेयी ने लगातार छह बार तिरंगा लहराया और सबसे ज्यादा बार तिरंगा लहराने वाले प्रधानमंत्रियों में वे पांचवे नंबर पर हैं। इससे पूर्व जून 1996 से मार्च 1998 के दौरान रहे दो प्रधानमंत्रियों एचडी देवेगौड़ा और इंद्रकुमार गुजराल को भी एक-एक बार लालकिले पर तिरंगा लहराने का सौभाग्य मिला।

# ग्रामीण अंचल




## संक्षेप समाचार

### धूमधाम से मनाई गयी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

**करछना।** बुधवार को क्षेत्र में भगवान श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व धूमधाम से मनाया गया। भक्तों ने भगवान की मनमोहक झांकी भी सजाई। पूरे दिन भजन कीर्तन करते रहे और रात में जन्मोत्सव के बाद सोहर गीत भी महिलाओं ने गाया। इस बार के जन्माष्टमी अवसर पर पहले की अपेक्षा भीड़ कम रही और जहां भी कार्यक्रमों का आयोजन किया गया था वहां सोशल डिस्टेंसिंग का ध्यान दिया गया। ज्यादातर भक्त अपने घरों में ही रहकर व्रत रखा और पूजन अर्चन किया। क्षेत्र के करछना समेत साधूकुटी, चनैनी, सोनाई, बसरिया, बरदहा, कौवा, बरांव, भड़ेवरा आदि गांवों में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मनाया गया।


## टोलप्लाजा पर अवैध वसूली, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**करछना।** प्रयागराज-मिर्जापुर राजमार्ग संख्या 76 पर मुंगारी गांव के समीप स्थित टोलप्लाजा पर जबरन व गुंडई के बल पर अवैध वसूली को लेकर तीन महीनों से चर्चा का विषय बना हुआ है। जिसमें दर्जनों मारपीट की घटनाएं घटित हो गयी उसके बावजूद भी प्रशासन द्वारा कोई ठोस कदम नही उठाया गया है। अक्सर मानक से अधिक वसूली होने का विरोध करने पर कई ट्रक ड्राइवर पिट चुके है और टोलकर्मियों के खिलाफ मुकदमें भी दर्ज किये गये है। इसके बावजूद भी मुंगारी टोलप्लाजा पर अवैध ढंग से गुंडागर्दी के साथ वाहन चालकों के साथ वसूली निरन्तर जारी है। चार दिन पूर्व ट्रक चालक व मालिक को अवैध वसूली का विरोध करने पर टोलकर्मियों ने जमकर मारा पीटा था जिनके खिलाफ औद्योगिक थाने में मुकदमा पंजीकृत किया था। जिसको लेकर गुरूवार को ट्रक मालिकों व ड्राइवरों ने उपजिलाधिकारी करछना टोलप्लाजा पर रेट लिस्ट लगाने, सभी गाड़ियों को एक लेन में आना सुनिश्चित किया जायेए टोलप्लाजा से असलहाधारी कर्मचारियों को हटाया जाये, समेत छः सूत्री मांगकर सौंपा। जिसपर उपजिलाधिकारी ने जांच कराकर कार्यवाही करने का आश्वासन दिया। ज्ञापन सौंपने वालों में सपा नेता शिव यादव, हिमांशु मिश्रा, सौरभ बाबा, मोहित पाण्डेय, विकास सोनी, दीपक यादवए सुभाष यादव, राकेश यादव आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।



मुंगारी टोल प्लाजा पर अवैध वसूली को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपते सपा नेता

## ससुराल में युवक ने लगाई फांसी, मौत



**नैनी।** कोतवाली क्षेत्र के कांशी राम कॉलोनी में अपने ससुराल पर रह रहे एक युवक फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। जिससे परिजनों में कोहराम मचा रहा। जानकारी के मुताबिक विनय कुमार गौड़ (32) पुत्र अरुण कुमार गौड़ बीते कुछ वर्षों से पत्नी समेत नैनी कोतवाली क्षेत्र स्थित कांशी राम आवास योजना में रहते थे। बीती रात वह भोजन करने के बाद अपने कमरे में सोने के लिए चला गया। कुछ घंटों के बाद उसकी पत्नी उक्त कमरे में पहुंची तो वह चुल्ले की मदद से फांसी के फंदे पर झूल रहा था। यह देख पत्नी दहाड़ मारकर रोने बिलखने लगी। जिससे आसपास के रहने वाले लोगों की भीड़ जुट गई। बताया जाता है कि मृतक युवक काफी दिनों से किसी बात को लेकर परेशान चल रहा था। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए।

## हाईकोर्ट समाचार

### धोखाधड़ी के आरोपी को अग्रिम जमानत मिली

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने महोबा के कबरई थाना क्षेत्र के राम नरेश उर्फ नरेश तिवारी की अग्रिम जमानत मंजूर कर ली है। कोर्ट ने गिरफ्तारी के समय इन्हें 50 हजार के मुचलके पर पुलिस रिपोर्ट पेश होने तक अग्रिम जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया है। यह आदेश मुख्य न्यायाधीश गोविन्द माथुर ने दिया है। याची के खिलाफ 10 अप्रैल 20 की घटना को लेकर जून 20 माह मे धोखाधड़ी के आरोप में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। कोर्ट ने कहा है कि याची विवेचनाधिकारी के बुलाये जाने पर हाजिर होंगे। किसी को न धमकायेंगे या न प्रलोभन देंगे। पासपोर्ट एसएसपी के समक्ष जमाकर बिना कोर्ट अनुमति के विदेश नहीं जायेंगे। अग्रिम जमानत अर्जी दाखिल कर कहा गया था कि उसे इस केस में गलत फंसाया गया है। उसका धोखाधड़ी से कोई लेना-देना नहीं है। उसे परेशान करने की नियति से उसके खिलाफ आपराधिक मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की सुनवाई के लिए बैठी विशेष कोर्ट ने फिलहाल याची की अग्रिम जमानत मंजूर उसे राहत दी है।

### महाविद्यालय भवन सील, छात्रों की परीक्षा कराने पर सरकार से जानकारी तलब

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने महाविद्यालय भवन सील करने के आदेश रद्द कर छात्रों की परीक्षा कराने की मांग मे दाखिल याचिका पर राज्य सरकार से 24 घंटे में जानकारी मांगी है। कोर्ट ने अपर महाधिवक्ता नीरज त्रिपाठी से पूछा है कि गिरजा शंकर सिंह कृषि महाविद्यालय आजमगढ़ के भवन में या किसी अन्य वैकल्पिक स्थान पर 17 अगस्त से होने वाली छात्रों की परीक्षा करायी जा सकती है कि नहीं। याचिका की अगली सुनवाई 14 अगस्त को होगी। यह आदेश मुख्य न्यायाधीश गोविन्द माथुर ने कुमारी मधुबरी की याचिका पर दिया है। याची का कहना है कि महाविद्यालय भवन को जिलाधिकारी आजमगढ़ के 20 मार्च 20 के आदेश से सील कर दिया गया है। जबकि वहां 17 अगस्त से छात्रों की परीक्षा होने वाली है। याचिका में कहा गया है कि परीक्षा के लिए विद्यालय भवन खोला जाय और भवन सील करने का आदेश रद्द किया जाय। कोर्ट ने सरकार से जानकारी मांगी है कि क्या महाविद्यालय या किसी वैकल्पिक स्थान पर छात्रों की परीक्षा करायी जा सकती है। कोर्ट को यह जानकारी कल सुबह तक सरकार की तरफ से मुहैया करानी है।

### दुराचारी अकरम को जमानत से इंकार

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश गोविंद माथुर ने कन्नौज, छिबरामऊ के मोहम्मद अकरम की अग्रिम जमानत अर्जी खारिज कर दी है। इन पर षड्यंत्र, दुराचार करने का आरोप है। कोर्ट ने पीड़िता के दर्ज बयान के आधार पर अर्जी निरस्त कर दी है।

### देवरिया जिला पंचायत की भूमि से बेदखली के खिलाफ याचिका पर निर्णय सुरक्षित

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने गुरूवार को देवरिया के नगर पंचायत की भूमि पर कथित अवैध कब्जा करने वालो को वहां से छोड़कर अन्यत्र शिफ्ट होने आदेश के खिलाफ दाखिल दो मामलों में निर्णय सुरक्षित कर लिया है। दोनों केस जिला पंचायत देवरिया की स्वत्व वाली सम्पत्ति पर विधि विरूद्ध तरीके से बतौर अतिचारी कथित अवैध कब्जा को लेकर है। अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत देवरिया ने 24 जुलाई 2020 को आदेश पारित कर याचीगणो वहां से अपना सामान हटाकर अन्यत्र जाने का 15 दिन का समय दिया है। जिला पंचायत देवरिया के अपर मुख्य अधिकारी द्वारा पारित आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी गयी थी। याचिका कृष्ण मुरारी वर्मा व अन्य की तरफ से दायर की गई है। याचिका में जिला पंचायत देवरिया के 24 जुलाई 20 के आदेश को रद्द करने की मांग की गयी थी। यह भी मांग की गयी थी कि याचीगण को प्लाट नम्बर 290 व 291 पर निर्मित उनके आवास से बेदखल न किया जाय। याचिका के अनुसार विवादित स्थल मोहल्ला बाँस देवरिया, डिस्ट्रिक्ट बोर्ड कम्पाउन्ड में स्थित है। कहा गया है कि कानूनी प्रक्रिया अपनाए वगैर उन्हें उनके कब्जा से बेदखल न किया जाय। कहा गया है कि 1 अप्रैल 1937 में याचीगण के पूर्वजों के साथ संपादित लीज डीड के अनुसार विवादित स्थल का पट्टा 90 साल तक का है। 90 वर्ष की अवधि समाप्त हुए वगैर उन्हें बेदखल नहीं किया जा सकता है। कहा गया है कि याचीगण किराया भी देते चले आ रहे हैं और वह स्वीकार भी किया गया है। ऐसे में यह नहीं कहा जा सकता है कि याचीगण अवैध कब्जा किए हुए हैं। यह मान भी लिया जाए कि याचीगण अतिक्रमणी है, फिर भी उन्हें उस विवादित स्थल से कानूनी प्रक्रिया को अपनाते हुए ही हटाया जा सकता है और वह कानूनी प्रक्रिया रेग्युलर वाद है। हाईकोर्ट के जस्टिस एस के गुप्ता व जस्टिस वी के बिड़ला की बेंच ने आज सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद इस मामले में निर्णय सुरक्षित कर लिया है ।

### कोविड -19से बचने हेतु युवा समाजसेवी राजन कर रहें जनप्रतिनिधियों से मुलाकात

**करमा।** कोविड -19 राज्यों, शहरों से होते हुए अब गाँवों की ओर रुख कर रहा हैं जो बहुत चिंतनीय हैं। पिछले एक महीने से जसरा, खटगिया, कौंधियारा आदि गाँवों में तेजी से पैर पसार रहा हैं। क्षेत्र के युवा समाजसेवी एवम मीडिया प्रभारी जसरा मंडल भाजपा. ठाकुर राजन प्रताप इन दिनों जनप्रतिनिधियों से मुलाकात करके कोरोना संक्रमण से बचाव हेतु संपर्क कर लोगों को जागरुक करनें के वास्ते प्रेरित कर रहें हैं पिछले एक सप्ताह से युवा समाजसेवी राजन आसपास के ग्राम प्रधानों, जिला पंचायत सदस्यों से मुलाकात कर लोगों को संक्रमण से बचने हेतु विचार विमर्श कर रहें हैं इसी कड़ी में मंगलवार दोपहर कौंधियारा के जिला पंचायत सदस्य श्री शिव शंकर ओझा से भी मुलाकात कर विभिन्न सामाजिक विषयों एवम कोविड -19से बचने हेतु चर्चा किये उक्त कार्य से आसपास के ग्रामीण राजन को हाथोंहाथ लें रहें हैं ।

### 25वर्षीय युवा सुरेंद्र सिंह पटेल बनें आसपास युवाओं के प्रेरणास्रोत

**करमा ।** समाज की सेवा करनें के लिए व्यक्ति के पास भले ही रुतबा , पैसा हों या न हों लेकिन व्यक्ति का दिल बहुत ही नेक एवम लोगों की मदद करनें का जज्बा हों । समाज में व्याप्त नशा, बुरी व्ययसनों से हटाकर युवाओं के सन्मार्ग पर लाने की जिसमें ललक हों असल में वही समाज का सच्चा शुभचिन्तक एवम समाजसेवी हों सकता हैं उक्त बातें घूरपुर व्यापार मण्डल अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार सिंह पर चरितार्थ होती हैं जिनके मन में बाल्यकाल से ही लोगों की मदद करनें का जज्बा था श्री सिंह बताते हैं उक्त नेक एवम लोगों के मुसीबतों में साथ देनें का गुण वह अपने पिता से सीखे हैं ।

## राहगीरों ने तोड़ी बैरिकेडिंग, प्रभारी अधिकारी ने कराया दुरुस्त

**मेजारोड।** मेजा विकास खंड अंतर्गत पांती ग्राम सभा के सिरसा मार्ग चार लोगों के कोरोना रिपोर्ट पाजिटिव आने के बाद प्रभारी अधिकारी कोरोना विश्वदीपक त्रिपाठी व प्रधान प्रतिनिधि अवनीश उपाध्याय के द्वारा उक्त मार्ग को बांस बल्लियों के सहारे सील कर दिया लेकिन राहगीरों के द्वारा दो बार उसे तोड़ दिया गया। गुरुवार को निरीक्षण में पहुंचे प्रभारी अधिकारी ने जब टूटी बैरिकेटिंग को देखा तो तत्काल हल्का लेखपाल व मेजारोड चौकी प्रभारी प्रीत कुमार पाण्डेय व उपनिरीक्षक नवीन सिंह को मौके पर बुलाकर ढाई सौ मीटर परिक्षेत्र को सील कराते हुए प्रभारी अधिकारी विश्व दीपक त्रिपाठी ने मेजारोड पुलिस चौकी मे तहरीर देकर कहा कि बैरिकेडिंग को नष्ट करने वाले अराजकतत्वों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर कार्रवाई की जाय, जिससे बैरिकेडिंग को सुरक्षित रखा जा सके।इस दौरान प्रभारी अधिकारी ने मेजारोड बाजार में जन जागरूकता अभियान चलाते हुए सोशल डिस्टेंस का पालन करने तथा मास्क लगाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि 2 गज की दूरी बहुत जरूरी का पालन सभी लोग करें जिससे कि इस भयावह महामारी से बचा जा सके।



राहगीरों द्वारा तोड़ी गयी बैरीकेडिंग को दुरूस्त कराते प्रभारी अधिकारी

## दैनिक अखबार के प्रभारी पर हुआ जानलेवा हमला

**नैनी।** योगी सरकार में पत्रकारों पर हमला रुकने का नाम नहीं ले रहा है। आये दिन पत्रकारों पर जानलेवा हमला हो रहे हैं। विगत दिनो थाने में एक पत्रकार की पिटायी हुई थी। इस तरह के कयी मामले हैं। होय हल्ला होने के बाद इंस्पेक्टर को निलंबित कर दिया गया। यह तो कहानी अब पुरानी हो गयी। योगी सरकार में अपराधियों के हौसले इस कदर बुलंत हैं कि कभी भी किसी भी सयम अपराध को अंजाम देने में नहीं चुकते ।जन सन्देश टाइम्स के यमुनापार प्रभारी अनिल मिश्र पर गुरुवार की सुबह उस समय हमलावरों ने जानलेवा हमला करने का प्रयास किया, जब वह बीमारी के हालत में अपना इलाज कराने निजी अंगरक्षक के साथ कार से अस्पताल जा रहे थे। यह वारदात नैनी थाना क्षेत्र की है। पुलिस को दी गई तहरीर में नैनी निवासी व यमुनापार प्रभारी जन सन्देश टाइम्स अनिल मिश्र ने आरोप लगाया कि वह गुरुवार की सुबह तकरीबन नौ बजे निजी अंगरक्षक कुलदीप सिंह के साथ अपनी कार से नैनी थानान्तर्गत डांडी बाजार स्थित अस्पताल जा रहे थे। घर से अस्पताल के बीच खान चौराहे पर जूस पीने के लिए कार रुकवाई और उसके उपरांत शंकर ढाल थाना नैनी निवासी महेन्द्र पटेल पुत्र अज्ञात उनकी कार के आगे खड़ा होकर बाहर निकलने के लिए ललकारते हुए बोनट व अगले शीशे को घूंसे से पीटने के साथ ही जान से मार डालने की धमकी देने लगा। इस दरम्यान उसका बेटा अर्पित अपने चार-पांच साथियों के साथ कार की ओर बढ़ा तो मौके की नजाकत को भांप उनके निजी अंगरक्षक ने कार बढ़ा दी, जिस पर आरोपियों ने खान चौराहे से लेकर रीवां राजमार्ग तिकोनिया तक बाइक से पीछा किया और कार को ओवरटेक कर रुकने के लिए मजबूर कर दिया, जहां आरोपियों ने दुबारा कार पर धावा बोल दिया, जिससे कार की हेडलाईट व अगला शीशा क्षतिग्रस्त हो गया। गार्ड ने समझदारी से किसी तरह वहां से जैसे-तैसे वह अपनी जान बचाते हुए निजी अंगरक्षक के साथ कार सहित हमलावरों की घेराबंदी से निकल जाने में कामयाब हो गए और 112 डॉयल पर सूचना देने के अलावा मामा-भांजा पुलिस चौकी पहुंच कर आपबीती बताई। वहीं समाचार लिखे जाने तक प्राथमिकी दर्ज नहीं हो सकी थी।



अनिल मिश्र

## मऊआइमा कस्बा में फिर निकला एक और पाजिटिव, संख्या पहुंची चौदह

**मऊआइमा।** मऊआइमा कस्बा में कोरोना पाजिटिवों की संख्या रोज बढती जा रही है । एक प्राइवेट मोबाइल कंपनी का सेल्समैन कोरोना पाजिटिव निकलने पर जब प्रबंधक से जांच के लिए तहसील के कर्मचारियों ने कहा तो मार पीट पर आमादा हो गया । पुलिस के पहुंचने पर पुलिस से उलझने पर उसे थाने में बैठा लिया गया है । कोरोना के कहर से कस्बावासियों में भय का माहौल व्याप्त है ।

मऊआइमा कस्बा में कोरोना पाजिटिवों की संखा रोज बढती जा रही है । गुरुवार को कस्बा के सदरबाजार स्थित एक प्राइवेट कंपनी का सेल्समैन हिमांशु द्विवेदी 24.वर्ष की जांच स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर की गयी। रिपोर्ट कोरोना पाजिटिव आयी । जिसे शहर के कोरोना अस्पताल भेज दिया गया है। बताया गया है कि सेल्समैन हिमांशू द्विवेदी के कोरोना पाजिटिव निकलने पर जब कानून गो चित्रसेन हल्का लेखपाल प्रेम चन्द्रऔर नगर पंचायत के कर्मचारियों ने सदरबाजार मोहल्ला स्थित प्राइवेट कंपनी के मैनेजर अभिषेक जायसवाल से जांच के लिए कहे तो आरोप है कि पहले वह कर्मचारियों से आमादा फसाद हो गया। पुलिस के पहुंचने पर जांच न कराने की जिद पर अड गया तथा उक्त अधिकारियो एवं पुलिस के साथ अभद्रता करने लगा जिसपर पुलिस मैनेजर अभिषेक जायसवाल को थाने ले जाकर बैठा ली है। पुलिस का कहना है कि वह मैनेजर की पहले कोरोना जांच कराएगें । उसके बाद तहसील कर्मचारियों की तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर लिया जाएगा। बता दें कि कोरोना पाजिटिव निकले हिमांशू द्विवेदी तथा अभिषेक जायसवाल एक साथ एडीए कालोनी नैनी में रहते हैं । दोनों रोज मऊआइमा कस्बा के मोहल्ला सदरबाजार में एक भाडे का कमरा लेकर प्राइवेट मोबाइल कंपनी की एजेंसी चलाते हैं । इसके पूर्व गंजियाबाजार में आधा दर्जन तथा मोहल्ला मौलाना में दो सफाई कर्मचारी फिर गुरुवार को मोहल्ला सदरबाजार में एक पाजिटिव पाया गया है । इसके पूर्व रामनगरगंसियारी में दो ,रामफलाइनारी चौकी का सिपाही ,थाने का एक दरोगा ,ग्राम लोकापुर की एक गर्भवती महिला कोरोना पाजिटिव पाए जाने से मऊआइमा क्षेत्र में पाजिटिवों की संख्या चौदह हो गई है । गुरुवार को बडी संख्या में लोगों ने कोरोना टेस्ट कराया है। पाजिटिवों की संख्या बढाने से कस्बावासियों में भय का माहौल है । इलाका सीज कर दिया गया है तथा मोहल्ले को सैनेटाइजर किया जा रहा है ।

### करछना तहसील परिसर से दो दिन में दो बाइक हुई चोरी

**करछना।** तहसील परिसर करछना में बाइक चोरो के सक्रिय हो जाने से तहसीलकर्मियों में आक्रोश व्याप्त है। बीते दो दिन में परिसर से दो मोटरसाइकिल चोरो ने पार कर दिया। एक दिन पहले कानूनगों बैजनाथ तिवारी की मोटरसाइकिल चोरी हो गयी थी और उसके दूसरे ही दिन लेखपाल ज्ञानचन्द्र की हीरोहोंडा की मोटरसाइकिल तहसील परिसर से चोरी हो गयी। उक्त लेखपाल इटावा का रहने वाला है। कुछ महीने पहले की तहसील करछना में पोस्टिंग हुयी थी। तहसील परिसर से लगातार बाइकों की चोरी से कर्मचारियों और अधिवक्ताओं में पुलिस प्रशासन के प्रति आक्रोश व्याप्त है। तहसील परिसर में कुछ महीने पहले सीसीटीवी कैमरे लगे थे लेकिन अब ज्यादातर कैमरे बन्द पड़े है जिससे तहसील की निगरानी भगवान भरोसे ही चल रही है।

## बैठक में साफ-सफाई पेंशन समेत अन्य विकास कार्यों को लेकर हंगामा

**शंकरगढ़।** गुरुवार को क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बैठक स्थानीय एक गेस्ट हाउस में हुई। बैठक में साफ-सफाई पेंशन समेत अन्य विकास कार्यों को लेकर जमकर हंगामा हुआ। सदस्यों ने यहां तक कहा कि वह अपने क्षेत्र के सफाई कर्मी को पहचानते भी नहीं हैं। हालांकि ब्लाक प्रमुख भारत सिंह और खंड विकास अधिकारी देवेंद्र कुमार ओझा ने लोगों को शांत कराकर समझाया कि कोविड-19 की वजह से यह समस्या आ रही है। ब्लाक प्रमुख ने कहा कि आज पूरा देश कोरोना महामारी से जूझ रहा है। हमारा शंकरगढ़ क्षेत्र भी इससे अछूता नहीं है। इस महामारी की वजह से नियमित किए जाने वाले कार्यों के साथ-साथ विकास योजनाएं भी प्रभावित हुई हैं। आकस्मिक ड्यूटी की वजह से सफाई कर्मियों समेत अन्य कर्मियों को अन्यत्र कार्यों पर लगाया जा रहा है, इस वजह से क्षेत्र में थोड़ी बहुत समस्या उठ खड़ी हुई है। सभी सदस्य महामारी को देखते हुए विकास कार्यों में अपना सहयोग दें। जितने भी अधूरे और लंबित कार्य हैं उन सभी को शीघ्र पूर्ण कराया जाएगा। वहीं खंड विकास अधिकारी देवेंद्र कुमार ओझा ने प्रगति आख्या पढ़ते हुए बताया कि वृद्धा पेंशन में सिर्फ 120 लोग पेंडिंग है, जबकि 4866 लोग लाभ ले रहे हैं। कोरोना के कारण यह समस्या उत्पन्न हुई है शीघ्र ही समस्या को दूर कर लिया जाएगा। बैठक में पूर्व की कार्यवाही, आय व्यय के बारे में भी बताया गया। इस मौके पर खंड विकास अधिकारी देवेंद्र कुमार ओझा, डॉ शैलेंद्र सिंह,एडीओ पंचायत ओम प्रकाश पाण्डेय,कृषि अधिकारी तुलाराम आदि लोग उपस्थित रहे।



बैठक में उपस्थित लोग

## गौ मांस के साथ पांच गिरफ्तार, 50 किलो गौ मांस बरामद

**उतरांव।** उतरांव थाना क्षेत्र के हसनपुर गांव में पुलिस मुखबिर की सूचना 50 किलो 2 बोरी में भरी गौ मांस के साथ पांच अभियुक्त को गिरफ्तार कर अभियोग पंजीकृत कर न्यायालय के लिए चालान कर दिया। बता दे की उतराव थाना अध्यक्ष चंद्रभूषण मौर्य की सक्रियता पांच अपराधियों को पकड़ने में सफल रहे। मुखबिर की सूचना में उतरांव थाना अध्यक्ष देर न करते हुए अपने मय फोर्स के साथ हसनपुर पहुंचे जहां 50 किलो गौ मांस को काटकर 2 बोरी में भरते समय पुलिस ने अभियुक्त अब्दुल रऊफ उर्फ प्यारे पुत्र डंगर निवासी हसनपुर, मोहम्मद मोनिस खान पुत्र मोहम्मद मुख्तार हसनपुर, मोहम्मद अतीक खान पुत्र अब्दुल रऊफ निवासी हसनपुर थाना उतराव,मोहम्मद आसिफ पुत्र मोहम्मद रफीक निवासी सराय गनी थाना बहरिया व मोहम्मद आजम उर्फ आजाद पुत्र वाजिद अली निवासी मुगर्सन थाना उतराव को 50 किलो मांस के साथ गिरफ्तार कर लिया। वही इनका एक साथी गुलशेर पुत्र मोहम्मद सबा निवासी जलालपुर थाना उतरांव भागने में सफल रहा। पुलिस ने गोवध निवारण अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत कर न्यायालय के लिए चालान कर दिया। गिरफ्तारी टीम में मुख्य रूप से थानाध्यक्ष चंद्र भूषण मौर्य उपनिरीक्षक लल्लन यादव, उप निरीक्षक सुरेंद्र प्रताप, उप निरीक्षक सोनेन्द्र यादव, हेड कांस्टेबल प्रदीप राय, युवराज सिंह ने बहुत ही सक्रियता से पांचो अपराधियों को पकड़कर जेल की हवा खिला दी।



पुलिस की गिरफ्त में गौ मांस के तस्कर

### पहले फीस माफ की, फिर चार वार्डों को गोद भी लिया

**शंकरगढ़।** कहते हैं कि जिसका कोई नहीं होता उसका भगवान होता है और ईश्वर किसी न किसी रूप में अपने फरिश्ते भेजता रहा है। इसी कहावत को चरितार्थ किया है रोहित केसरवानी ने, जो एक निजी संस्थान मिनी पैराडाइस प्ले स्कूल के प्रबंधक हैं। मृदुभाषी स्वभाव तथा हमेशा हर किसी की सहायता के लिए तत्पर्य रहने वाले रोहित केसरवानी ने कोरोना महामारी के चलते अभिभावकों की परेशानी को समझते हुए 6 माह की फीस माफ करने का फैसला लिया है। उनके इस फैसले ने संस्थानों को सोच में डाल दिया है। जिसकी नगर व क्षेत्र के लोगों ने तारीफ की है। इसीतरह इन्होंने गुरुवार को एक और बेहतरीन निर्णय लिया। उन्होंने लाइनपार शंकरगढ़ के चार वार्डों चिकान टोला, मोदीनगर, पटेल नगर, धरम नगर के सभी असहाय, अनाथ व विकलांग बच्चों को अपने विद्यालय में निःशुल्क शिक्षा देने का फैसला किया, और इन सभी वार्डों के सभी धार्मिक स्थलों की साफ सफाई व सौंदर्यीकरण व वृक्षारोपण भी स्वयं करवाएगें ।

## झमाझम बारिश के चलते जर्जर भवन ढहे



बारिश के चलते ढहा कच्चा मकान

**करमा ।** पिछले 48घंटे से लगातार बारिश होनें की वजह से लोगों को उमस भरी गर्मी से निजात मिल गया हैं साथ ही किसानों के चेहरे भी खिल उठें हैं किन्तु करमा सहित कई गाँवों में कच्चा भवन बारिश के कारण ढह गये हैं जिससे लोगों को काफी मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा हैं। चाका ब्लाक स्थित नैपुरवा गाँव में इंद्रजीत पटेल का भी गौशाला ढह गया हालांकि किसी को चोट नही आयी हैं। भूस्वामी इंद्रजीत के मुताबिक वर्ष भर के लिए रखा अनाज एवम मवेशियों के खाने का भूसा भीग जानें से खराब हों गया हैं। हालांकि धान, बाजरा, मक्का आदि के यह बरसात किसी वर्षा से कम नही हैं।

# प्रयागराज हलचल



## संक्षेप समाचार

### पर्यावरण संरक्षण की अपील कर किया पौधरोपण

**शंकरगढ़।** चंद्रशेखर आजाद ग्रुप ऑफ एजुकेशन शंकरगढ़ के बैनर तले गुरुवार को वृहद पैमाने पर पौधरोपण किया गया। संस्थान ने आस-पास के क्षेत्रों में ढाई सौ से अधिक पौधों का रोपण किया। संस्थान के डायरेक्टर डॉ विवेक श्रीवास्तव ने कहा कि आज के समय में पर्यावरण का संरक्षण अति आवश्यक हो गया है, जिस प्रकार हवा और पानी के बिना जीवन की परिकल्पना असंभव है, उसी तरह जीवन के लिए स्वच्छ पर्यावरण का होना भी बहुत जरूरी है। पर्यावरण हमारा तभी स्वच्छ और समृद्ध होगा जब हम पेड़ पौधों का संरक्षण करेंगे। पौधरोपण करते हुए संस्थान की प्रधानाचार्या प्रतिमा श्रीवास्तव ने कहा कि पेड़ के बिना जीवन अधूरा है।पेड़ ना सिर्फ हमें स्वच्छ वायु प्रदान करते हैं, बल्कि हमें इनसे तमाम प्रकार के फल, फूल, औषधियां और छाया भी मिलती है। वनस्पति और इंसान का एक दूसरे से गहरा नाता है। संस्थान द्वारा घर-घर जाकर फल और छायादार पौधे बांटे गए।

## उपचार के दौरान अस्पताल में हुई महिला की मौत, लापरवाही का आरोप

**परिजनों ने आरोप लगाया है कि चिकित्सकों की लापरवाही के चलते उसकी हुई है मौत**

**प्रयागराज।** कर्नलगंज थाना क्षेत्र में स्थित एक निजी अस्पताल में उपचार के दौरान गुरूवार की सुबह एक महिला की मौत हो गई। परिजनों ने अस्पताल प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। हालांकि मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों की तहरीर लेकर मामले की जांच के लिए महिला के शव को अन्त्य परीक्षण के लिए भेज दिया।

नैनी कोतवाली थाना क्षेत्र के चकरघुनाथपुर निवासी स्वीटी केशरवानी (28वर्ष)पत्नी सन्तोष केशरवानी को 10 अगस्त को उपचार के लिए शहर के कर्नलगंज थाना क्षेत्र में स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान गुरूवार की सुबह स्वीटी केशरवानी की मौत हो गई। उसकी मौत होने के बाद आक्रोशित परिजनों ने हंगामा शुरू कर दिया। हंगामें की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले को शांत कराया और मृतिका के परिजनों की तहरीर पर मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों ने आरोप लगाया है कि डाक्टर की लापरवाही के चलते उसकी मौत हो गई।

इस सम्बन्ध में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिषेक दीक्षित कहना है कि एक निजी अस्पताल में महिला की उपचार के दौरान गुरूवार की सुबह मौत हो गई। परिजनों ने आरोप लगाया है कि चिकित्सकों की लापरवाही के चलते उसकी मौत हुई है। इस मामले की जांच के लिए मुख्य चिकित्साधिकारी प्रयागराज को पत्र भेजा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के मुताबिक आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## कछारी इलाकों में फिर मंडराने लगा खतरा



**प्रयागराज।** कछारी इलाकों में एकबार फिर बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है। गंगा और यमुना के क्षेत्र में हो रही बारिश से कछारी इलाकों में हालात खराब हो सकते हैं। बाढ़ आए या नहीं लेकिन दोनों नदियों का जलस्तर एकसाथ बढ़ने के संकेत मिल रहे हैं।


दो दिन स्थिर और दो दिन घटने के बाद गंगा का जलस्तर गुरुवार दोपहर से स्थिर हो गया। अब गंगा के बढ़ने की संभावना है। यमुना का जलस्तर दोपहर बाद एक सेमी प्रति घंटा की रफ्तार से बढ़ने लगा। उत्तराखंड में लगातार दो दिन हुई बारिश का पानी अगले सप्ताह प्रयागराज पहुंचेगा। उधर मध्य प्रदेश का पानी यमुना की मदद से संगम क्षेत्र आएगा। दोनों नदियों का जलस्तर एकसाथ कई दिन तक बढ़ना कछारी क्षेत्र के लिए खतरा बनेगा। कछारी इलाके में गंगा का पानी पहुंचने की संभावना को देखते हुए सिंचाई विभाग (बाढ़ प्रखंड) ने निगरानी बढ़ा दी है। सिंचाई विभाग के इंजीनियर चौतरफा हो रही बारिश को लेकर चिंतित हैं। सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता दिनेश त्रिपाठी ने बताया कि दोनों नदियों पर नजर रखी जा रही है। सहायक अभियंता ने कहा कि ऐसे ही बारिश होती रही तो दोनों नदियों का जलस्तर बढ़ेगा और कछार भरेगा।

गंगा : सुबह आठ बजे से दोपहर 12 बजे तक एक सेमी पानी घटा और फिर स्थिर हो गया।

यमुना : 24 घंटे में जलस्तर 17 सेमी बढ़ा। दोपहर 12 बजे से जलस्तर एक सेमी प्रति घंटा की गति से बढ़ने लगा।

## अघोषित बिजली कटौती को लेकर लोगों का धैर्य टूटा, हंगामा

**प्रयागराज।** पुराने शहर के सेंवई मंडी, नखास कोहना, बाध मंडी मुहल्ले के साथ ही सुहाग स्टोर वाले इलाके में छह दिन से बिजली आपूर्ति लड़खड़ाई है। इसे लेकर गुरुवार रात लोगों का धैर्य जवाब दे गया। बड़ी संख्या में लोग सड़क पर उतर आए। बिजली विभाग के अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी की। कोतवाली थाने जाकर एसपी सिटी से मिलकर समस्या बताई। तब एसपी सिटी दिनेश सिंह ने बिजली विभाग के अधिकारियों से बात की और समस्या के समाधान का आश्वासन दिया।



विभागीय अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी करते लोग

मोहल्ले के लोगों ने बताया कि न्यू खुसरोबाग उपकेंद्र में 10 एमवीए के ट्रांसफार्मर में गड़बड़ी के कारण ऐसा हुआ था। बुधवार को उस ट्रांसफार्मर को बदलकर दूसरा लगाया गया। तब भी हालत जस की तस रही। बुधवार रात 10 बजे बिजली गई तो गुरुवार को सुबह साढ़े नौ बजे आपूर्ति हुई। दोपहर में फिर बिजली आपूर्ति गड़बड़ाई। दिन में लोग उपकेंद्र पर पहुंचे, लेकिन कोई सार्थक जवाब नहीं मिला। इसलिए परेशान लोग रात को बड़ी संख्या में बिजली विभाग के अफसरों के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कोतवाली पहुंचे। वहां एसपी सिटी को बताया कि 24 घंटे में मात्र दो घंटे बिजली मिल रही है। पेयजल की समस्या है। बिजली विभाग के अधिकारी कुछ नहीं सुन रहे हैं। एसपी सिटी ने बिजली विभाग के अधिकारियों से बात की। इसके बाद लोगों को समझाकर घर भेजा। डेढ़ सौ घरों में छाया अंधेरा

खुल्दाबाद स्थित बिसोली टोला में लगा ट्रांसफार्मर बुधवार रात करीब 10 बजे जल गया। इससे करीब 150 घरों में बिजली कट गई। इसके चलते ट्यूबवेल भी नहीं चल सके, जिसकी वजह से गुरुवार सुबह लोगों को पेयजल का सामना करना पड़ा।

### कार की टक्कर से पशु घायल

**नैनी।** कोतवाली क्षेत्र के श्री सोमेश्वर नाथ मंदिर के समीप गुरुवार शाम को एक तेज रफ्तार से गुजर रही कार की जोरदार टक्कर लगने से सड़क पार कर रही एक पशु (बछिया) गंभीर रूप से घायल हो गई। जब लोगों ने चालक को दौड़ाया तो वह कार समेत लेकर फरार हो गया।

## ऑल इण्डिया इमाम एसोसिएशन अध्यक्ष के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग

**प्रयागराज।** भारतीय जनता युवा मोर्चा, काशी क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष डॉ. श्याम प्रकाश द्विवेदी ने गुरूवार को सिविल लाइंस थाने में आल इण्डिया इमाम एसोसिएशन के अध्यक्ष साजिद रशीदी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की मांग की है।

डॉ. द्विवेदी ने कहा है कि हमारे आराध्य ईश्वर भगवान श्री राम के मंदिर के पक्ष में सुप्रीम कोर्ट द्वारा आदेश दिया गया और पांच अगस्त को अयोध्या में मंदिर निर्माण का शिलान्यास किया गया। जिस पर आल इण्डिया इमाम एसोसिएशन के अध्यक्ष साजिद रशीदी ने छह अगस्त को मंदिर तोड़ कर मस्जिद बनायेंगे, कह कर हमारी आस्था पर ठेस पहुंचाने का कार्य किया है। उनके इस बयान से मैं स्वयं एवं सनातन धर्म के मानने वाले लोगों में आक्रोश व्याप्त है। हमारी आस्था के साथ खुले आम खिलवाड़ किया जा रहा है। अतः साजिद रशीदी अध्यक्ष आल इण्डिया इमाम एसोसिएशन, पता इमाम हाउस मस्जिद कस्तूरबा गांधी मार्ग नई दिल्ली के खिलाफ आस्था पर ठेस पहुंचाने, देश में दंगा करने के लिए उकसाने व राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत मुकदमा पंजीकृत कर उचित दण्डात्मक कार्यवाही करें। जो न्यायहित व समाज हित के लिए आवश्यक है।

## यूपी बोर्ड का 2021 का एकेडमिक कैलेंडर जारी, फरवरी की बजाय मार्च में बोर्ड परीक्षा कराने की तैयारी

**प्रयागराज।** कोरोना के कारण पढ़ाई के नुकसान को देखते हुए 2021 की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा मार्च या अप्रैल में होगी। सचिव यूपी बोर्ड दिव्यकांत शुक्ल ने गुरुवार को 2020-21 सत्र के लिए एकेडमिक कैलेंडर जारी कर दिया जो बोर्ड की अधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है। कैलेंडर के अनुसार 10वीं-12वीं के छात्र-छात्राओं को फरवरी 2021 में प्रवेश पत्र उपलब्ध कराएंगे और कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए प्रशासन की ओर से जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार बोर्ड परीक्षा की तैयारी की जाएगी। सचिव दिव्यकांत शुक्ल ने बताया कि 2020-21 का संभावित एकेडमिक कैलेंडर है और आने वाले समय में कोरोना के कारण होने वाले प्रतिबंधों के मद्देनजर इसे लागू किया जाएगा। आवश्यकता पड़ने पर बदलाव भी संभावित हैं। विभिन्न कक्षाओं में ऑनलाइन शिक्षण 18 अगस्त से शुरू होगा। 10वीं-12वीं की प्रयोगात्मक परीक्षाएं फरवरी के पहले और दूसरे सप्ताह में प्रस्तावित हैं। 2020 के लिए प्रयोगात्मक परीक्षा 15 दिसंबर 2019 से 15 जनवरी 2020 के बीच दो चरणों में कराई गई थी। प्री बोर्ड परीक्षा का आयोजन फरवरी के तीसरे और चौथे सप्ताह में होगा। प्रत्येक माह के अंतिम सप्ताह में ऑनलाइन परीक्षा होगी और 31 जनवरी 2021 तक सभी कक्षाओं में ऑनलाइन या ऑफलाइन शिक्षण पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। कक्षा 9 व 11 की वार्षिक गृह परीक्षाएं फरवरी के तीसरे और चौथे सप्ताह में जबकि बोर्ड परीक्षा का आयोजन मार्च या अप्रैल में होगा। 2020 की बोर्ड परीक्षा 18 फरवरी से शुरू हुई थी। हाईस्कूल की परीक्षा 3 व इंटर की 6 मार्च को समाप्त हुई। लेकिन कोरोना के कारण 2021 की परीक्षा में एक या दो महीने की देरी हो सकती है।

### मुकेश बने स्पोर्ट्स डेवलपमेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया के वॉलीबाल टेक्निकल इंचार्ज

**प्रयागराज।** बेसिक शिक्षा विभाग उत्तर प्रदेश में कार्यरत राष्ट्रीय वॉलीबाल खिलाड़ी व अंतरराष्ट्रीय वॉलीबॉल कोच मुकेश शुक्ला को ह्लस्पोर्ट्स डेवलपमेंट एंड प्रमोशन फेडरेशन ऑफ इंडियाह्ल ने वॉलीबाल खेल में राष्ट्रीय टेक्निकल इंचार्ज बनाया है। स्पोर्ट्स डेवलपमेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव सतीश कुमार ने विगत 26 जुलाई को ईमेल के माध्यम से एक पत्र भेजकर मुकेश शुक्ला को वॉलीबाल खेल का टेक्निकल इंचार्ज इंडिया का बनाया है। स्पोर्ट्स डेवलपमेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव ने कहा कि मुकेश शुक्ला के कार्यकाल में फेडरेशन नई ऊँचाई हासिल करेगी। मुकेश शुक्ला को वॉलीबाल खेल में इंडिया का टेक्निकल इंचार्ज बनाये जाने पर फिट इंडिया टीचर्स गेम्स एसोसिएशन के सचिव आशुतोष सिंह, रोहित त्रिपाठी, जिला व्यायाम शिक्षक आशुतोष मौर्या, राष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी चंद्रशेखर भारतीया आदि ने बधाई दी।

## रेलवे इंजीनियर समेत 245 नए कोरोना संक्रमित

**प्रयागराज।** जिले में गुरुवार को कोरोना संक्रमण के कुल 245 नए मामले सामने आए। एक दिन में संक्रमित मरीज मिलने का अब तक का यह सबसे अधिक आंकड़ा है। संक्रमित लोगों में मेजा के ग्राम विकास अधिकारी, एक्सिस बैंक के मैनेजर एवं रेवले के एक इंजीनियर शामिल हैं।



कोविड 19 के नोडल अधिकारी डॉ. ऋषि सहाय ने बताया कि एक रिटायर पीसीएस अफसर, एक्सिस बैंक के मैनेजर एवं एसबीआई का एक कर्मचारी संक्रमित मिला है। एसआरएन अस्पताल की एक महिला डॉक्टर, डफरिन की एक स्टाफ नर्स, बेली, एसआरएन एवं बहादुरगंज की एक-एक आशा कोरोना पॉजिटिव हैं। रेलवे के सेक्शन इलेक्ट्रिकल इंजीनियर एवं डीआरएम कार्यालय का एक कर्मचारी संक्रमित है। राजधानी एक्सप्रेस में ड्यूटी करने वाले एक गार्ड की रिपोर्ट भी पॉजिटिव आई है। एजी ऑफिस एवं विद्युत विभाग के एक-एक कर्मचारी कोरोना संक्रमण की चपेट में हैं। संस्कृति महाविद्यालय के एक शिक्षक व सीएमपी डिग्री कॉलेज के एक रिटायर प्रिंसिपल व कचहरी स्थित प्राइवेट हॉस्पिटल के एक कर्मचारी की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। इफको के चीफ टेक्नीशियन समेत तीन कर्मचारी कोरोना संक्रमित मिले हैं। एसओ धूमनगंज, संगम चौकी के तीन पुलिसकर्मी व दारागंज के एक सिपाही की रिपोर्ट कोरोना पॉजिटिव है। आरपीएफ ट्रेनिंग सेंटर का एक जवान संक्रमित आया है। गुरुवार को कुल 1392 लोगों की रिपोर्ट निगेटिव आई। वहीं, 1620 नए संदिग्ध लोगों का नमूना लिया गया।

## गांव-गांव डुगडुगी बजाकर कराई जाएगी मिड-डे-मील की सोशल ऑडिट

**प्रयागराज।** सरकारी और सहायता प्राप्त स्कूलों में कक्षा 1 से 8 तक के बच्चों को बंटने वाले मिड-डे-मील की सोशल ऑडिट अब गांव-गांव डुगडुगी बजाकर कराई जाएगी। मिड-डे-मील प्राधिकरण ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है और कोरोना से उबरने के बाद जब स्कूल खुलेंगे तो यह व्यवस्था प्रदेशभर के 75 जिलों में लागू हो जाएगी। इसके तहत गांवों में डुगडुगी बजाकर लोगों को सोशल ऑडिट के बारे में जानकारी देंगे और संवेदनशील लोगों को इस योजना से जोड़कर स्कूलों में पकने वाले मध्याह्न भोजन का फीडबैक लेंगे।



समाज के सहयोग से बच्चों को बंटने वाले मिड-डे-मील की गुणवत्ता और बेहतर करने के मकसद से सोशल ऑडिट की शुरूआत 15 जिलों में फरवरी 2020 में हुई थी। हालांकि एक महीने बाद ही कोरोना के कारण लॉकडाउन हो गया और उसके बाद से आज तक स्कूल खुलने की नौबत नहीं आ सकी है। जिन 15 जिलों में सोशल ऑडिट की शुरूआत हुई थी उनमें बहराइच, बलरामपुर, बिजनौर, चंदौली, चित्रकूट, फतेहपुर, कन्नौज, सहारनपुर, कुशीनगर, श्रावस्ती, सिद्धार्थनगर, लखीमपुर खीरी, ललितपुर, सोनभद्र और सुल्तानपुर शामिल हैं। सोशल ऑडिट के तहत जिन जागरूक ग्रामीणों को जोड़ा जाएगा वे विभिन्न बिन्दुओं पर अपनी रिपोर्ट मिड-डे-मील प्राधिकरण और बेसिक शिक्षा विभाग को देंगे। उदाहरण के तौर पर रसोईयां नियमित आ रहा है या नहीं, उन्हें मानदेय समय से मिल रहा है या नहीं, रसोई के ऊपर शेड है या नहीं, बर्तन सही है या नहीं, राशन समय से आ पाता है या नहीं, साफ-सफाई से खाना बनता है या नहीं समेत अन्य जानकारी इनके माध्यम से मिलेगी।

### इनका कहना है

मिड-डे-मील सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। इसे और बेहतर बनाने के लिए समाज का सहयोग लिया जाएगा। इस सत्र से सोशल ऑडिट सभी स्कूलों में लागू करने जा रहे हैं।

**विजय किरन आनंद, महानिदेशक स्कूली शिक्षा**

## विस्फोटक पदार्थ में पकड़े गये इरशाद अहमद उर्फ गुड्डू की जमानत अर्जी खारिज

**प्रयागराज।** तीन दर्जन से अधिक मामले में वांछित अपराधी इरशाद अहमद उर्फ गुड्डू पुत्र इकबाल अहमद निवासी कैमा थाना हथिगंवा प्रतापगढ़ की जमानत अर्जी सिविल कोर्ट ने खारिज कर दिया है। हालांकि वादी पक्ष के वकील ने पूरी जोरदार तरीके से अपनी बाते कोर्ट में रखी। उन्होंने कोर्ट को बताया कि इरशाद अहमद उर्फ गुड्डू का किसी भी तरह का अपराधिक इतिहास नहीं है। एसटीएफ ने उसको घर से उठायी है। वही सरकारी वकील शिव शरण श्रीवास्तव ने प्रमाण के साथ कोर्ट में इरशाद अहमद उर्फ गुड्डू के खिलाफ तीन दर्जन से अधिक मामले में सल्प्ति होने की दलील दी। सरकारी वकील शिव शरण श्रीवास्तव ने कोर्ट को बताया मुकदमा संख्या 388/2020 अर्न्तगत धारा 04/5 विस्फोट पदार्थ अधिनियम के तहत अभियुक्त ने जमानत अर्जी दाखिल की थी। दोनो पक्षो के दलील सुनने के पश्चात अपर सत्र न्यायधीश श्रीमती रागिनी ने कोट नं 06 में फैसला सुनाते हुए कहा कि अभियुक्त का आपराधिक इतिहास है। अभियुक्त की जमानत प्रार्थना पत्र निरस्त किये जाने योग्य है। आवेदक, अभियुक्त इरशाद अहमद उर्फ गुड्डू का जमानत प्रार्थनापत्र निरस्त किया जाता है।

## एकल के बैनर तले मुरादपुर में हुआ वृक्षारोपण, ग्रामीणों में पौधे बांटे गये

**करमा।** एकल ग्रामोंत्थान फाउन्डेशन के तत्वाधान में गुरुवार की दोपहर संस्था की सक्रिय सदस्या सम्रिता पटेल के नेतृत्व में करमा बाजार सहित आसपास के मुरादपुर, बलीपुर, सुल्तनवा, हरिहरपुर आदि गाँवों में वृक्षारोपण अभियान चलाकर पर्यावरण को सुव्यवस्थित रखने हेतु आम, पीपल, कदम्ब, चितवन, मदीना आदि के पौधे रोपे एवम ग्रामीणों में वितरित किया गया । उक्त अवसर पर पवन, श्याम बिहारी आदि लोग उपस्थित रहें।

### 130 किमी की रफ्तार से दौड़ेगी प्रयागराज एक्सप्रेस रेलवे ने दी हरी झंडी

प्रयागराज। रेलवे संरक्षा आयुक्त ने प्रयागराज मंडल के पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन और गाजियाबाद के बीच 130 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से ट्रेनें चलाने की स्वीकृति दे दी है। इस रूट पर लगभग सभी एलएचबी कोच वाली ट्रेनों की गति बढ़ाने की तैयारी है। इनमें प्रयागराज एक्सप्रेस भी शामिल है। अन्य ट्रेनों के 130 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से चलाने में कोई दिक्कत नहीं है। प्रयागराज एक्सप्रेस अन्य एलएचबी कोच वाली ट्रेनों की तुलना में अधिक लंबी है। इसमें 24 कोच हैं। लंबाई को देखते हुए रेलवे स्पेशल ट्रेन की स्पीड बढ़ाने पर आने वाली तकनीकी समस्याओं को दूर कर रहा है। उत्तर मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अजीत कुमार सिंह ने बताया कि नए टाइम टेबल के साथ ट्रेनों का संचालन शुरू होने तक सबकुछ दुरुस्त हो जाएगा। हावड़ा-नई दिल्ली रूट पर हाईस्पीड ट्रैक पर व्यक्ति या जानवर नहीं जा सकेंगे। ट्रैक के दोनों तरफ दीवार होगी। उत्तर मध्य रेलवे पंडित दीनदयाल उपाध्याय(मुगलसराय)-गाजियाबाद खंड में ट्रैक के दोनों ओर दीवार बना रहा है। हावड़ा-नई दिल्ली रूट पर दीवार और हाईस्पीड ट्रेन के लिए ट्रैक का काम जून 2023 तक पूरा करना है। इससे पहले प्रयागराज मंडल ने जानवरों का ट्रैक पर आवागमन रोकने के लिए चिन्हित स्थानों पर ट्रैक किनारे दीवार की योजना बनाई थी। चिन्हित स्थानों पर दीवार बनाने की प्रक्रिया शुरू होने से पहले हावड़ा-नई दिल्ली रूट पर 160 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से ट्रेनें चलाने की घोषणा हो गई। रेलमंत्री पीयूष गोयल ने हाईस्पीड ट्रैक को पूरी तरह सुरक्षित करने का निर्देश दिया। उत्तर मध्य रेलवे ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन और गाजियाबाद के बीच बाउंड्रीवाल का निर्माण शुरू कर दिया। एनसीआर के महाप्रबंधक राजीव चौधरी ने बाउंड्रीवाल और ट्रैक का काम युद्ध स्तर पर करने का निर्देश दिया है।

### दीवार गिरने से दबकर हुई किसान की मौत

**प्रयागराज।** फूलपुर थाना क्षेत्र के सांवडीह गांव में बुधवार की रात बारिश के दौरान अचानक दीवार गिरने से एक वृद्ध किसान की मौत हो गई। गुरूवार की सुबह सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई की। फूलपुर के सांवडीह गांव निवासी राम दुलार (62वर्ष) पुत्र रामदीन खेती करके एक पुत्र एवं पांच बेटियों एवं पत्नी सरोजा देवी का भरण-पोषण करता था। बताया रहा है कि बुधवार की रात बारिश के दौरान अचानक दीवार गिरने से राम दुलार मलवे में दब गया। हालांकि हादसे की जानकारी होते ही आस-पास के लोग पहुंचे और उसे बचाने का प्रयास किया। लेकिन जबतक उसे बाहर निकालते, इसी दौरान उसकी मौके पर ही मौत हो गई। गुरूवार की सुबह परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई की।

## धर्म परिवर्तन को सख्ती से रोकना होगा: किन्नर अखाड़ा

**प्रयागराज।** सनातन धर्म को सबसे ज्यादा खतरा धर्म परिवर्तन कराने वालों से है, उसको सख्ती से रोकना होगा। सबसे पहले हमें सनातन धर्म के आर्थिक रूप से कमजोर लोगों की मदद करनी होगी, जिससे उनकी कमजोरी या गरीबी का फायदा उठाकर उनका धर्म परिवर्तन न कराया जा सके। जब लोग आर्थिक रूप से मजबूत रहेंगे तब वह धर्म परिवर्तन के लिये मजबूर नहीं होंगे।

यह बातें गुरूवार को किन्नर अखाड़ा की आचार्य महामण्डलेश्वर स्वामी लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी ने सिविल लाइंस स्थित एक होटल में अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद के महानगर अध्यक्ष पं. राजीव कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में पदाधिकारियों से कही। आचार्य महामण्डलेश्वर लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी ने कहा कि ऐसे आर्थिक रूप से कमजोर लोगों की मदद से जहां वह धर्म का पालन करते हुए विकास करेंगे और वह सनातन धर्म को मजबूत भी करेंगे। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म से सम्बंधित संस्थाओं और आर्थिक रूप से मजबूत लोगों को चाहिये कि वह आर्थिक रुप से कमजोर लोगों की मजबूती के लिये मदद करें, जिससे वह धर्म परिवर्तन के लिये बाध्य न हो सकें। इस दौरान सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार और उसकी सहजता व सरलता को जन-जन तक पहुंचाने पर विस्तार से चर्चा हुई। अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद के महानगर अध्यक्ष राजीव कुमार पाण्डेय ने कहा कि लाकडाउन खत्म होने के बाद सनातन धर्म पर विशाल संगोष्ठी होगी, जिसमें बढ़ते धर्म परिवर्तन को रोकने पर चर्चा होगी। इस दौरान किन्नर अखाड़ा प्रयागराज की महामण्डलेश्वर स्वामी कौशल्यानंद गिरि, अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद के प्रदेश महासचिव अभिनव उपाध्याय, हरिश्याम मानव कल्याण शिक्षा एवं शोध संस्थान के सचिव राजीव मिश्रा, आशीष केशरवानी सहित अन्य कई लोग थे।



किन्नर अखाड़ा की आचार्य महामंडलेश्वर व अन्य